# LOK SABHA DEBATES



LOK SABHA

*Tuesday, December 19, 1978/Agrahayana 28, 1900 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### 84–डाउन गाड़ी का लखनऊ से आगे चलाया जाना

*405. श्री अनन्तराम जायसवाल : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पुरानी दिल्ली से फैजाबाद होकर वाराणासी तक जाने वाली 84–डाउन रेलगाड़ी लखनऊ से आगे नहीं जाती है ;

(ख) यदि हां, तो किन परिस्थितियों में और कब से यह गाड़ी लखनऊ से आगे नहीं जाती और रेलवे विभाग द्वारा इस गाड़ी को इसके गन्तव्य स्थान वाराणासी तक चलाने में असमर्थता प्रकट करने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या इस बारे में कोई उपचारात्मक उपाय किये गये हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) 84-डाउन गाड़ी को लखनऊ से आगे चलाने की निश्चित तारीख क्या है ?

रेल मंत्री प्रो० मधु दंडवते) : (क) जी हां ।

(ख) से (घ). जयन्ती जनता 83–113/84–114 दिल्ली-वाराणासी एक्सप्रेस दिल्ली व कानपुर के बीच बिजलीकर्षण से और कानपुर व वाराणसी के बीच भापकर्षण से चलती है । भाप के कोयले की अपर्याप्त सप्लाई के कारण इन गाड़ियों को 6–9–78 से लखनऊ और वाराणसी के बीच रद्द कर दिया गया । कोयले की स्थिति के सामान्य होने पर इस गाड़ी के लखनऊ और वाराणसी के बीच फिर से चलाये जाने के बारे में विचार किया जायेगा ।

SHRI ANANT RAM JAISWAL: Before I put my supplementary question, I will request for your protection. Kindly refer to my part (c) of the question. The information asked for in that part (c) has not been furnished. So, please ask him to furnish the information sought for in part (c) of my question.

MR. SPEAKER: Mr. Minister, he says that you have not given information regarding part (c) of his question.

प्रो० मधु दण्डवते : मान्यवर मैंने दी है । माननीय सदस्य ने वह पढ़ी नहीं है । भाप कोयले की कमी की वजह से यह गाड़ी रद्द की गयी है । लेकिन जैसे ही हमें भाप कोयला मिलेगा हम इस को चालू कर देंगे । जब तक एनर्जी मिनिस्ट्री हम को यह नहीं बताती कि कब तक हम को भाप कोयले के रेक मिलेंगे तब तक निश्चित डेट नहीं दी जा सकती है । यही मैंने प्रश्न के उत्तर में कहा है ।

श्री अनन्तराम जायसवाल : आपकी मिनिस्ट्री की तरफ से इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की की गयी, इस का हमें जवाब चाहिए ।

MR. SPEAKER: He has mentioned that he will do it as soon as he...... Please put your supplementary.

SHRI ANANT RAMJAISWAL: Whether you have done anything or not.

MR. SPEAKER: Kindly put your supplementary. Please repeat it.

श्री अनन्तराम जायसवाल : अध्यक्ष जी हमारा जो सवाल है, उसको आप भी पढ़ लीजिए । मान लीजिए मंत्री जी की जगह पर मैं होता और मंत्री जी मेरी जगह पर होते तो यह जो जवाब दिया गया है, उसका क्या रिएक्शन उन पर होता । हमारा सप्लीमेंटरी तब आयेगा जब आप इस का जवाब दिला देंगे ।

MR. SPEAKER: He has given reply. Part (c) of the question is: whether any remedial measures have been taken in this regard and if so, the details thereof. The Minister's answer to this question is that as soon as coal is sufficiently available, they will run it. Please put your supplementary.

**श्री अनन्त राम जायसवाल** : कोयले की कमी बतायी गयी है, वह रेलवे विभाग के वैगनों के कारण है या कोल और माइन्स डिपार्टमेंट जिम्मेदार है ?

**प्रो० मधु दण्डवते** : जहां तक स्टीम ट्रैक्शन का सवाल है यह जरूरी होता है रेल चलाने के लिये आज तक की हमारी जरूरत देखते हुए हर दिन हमको 33,000 टन कोयले की जरूरत होती है । लेकिन आज हालत यह है कि जो स्टीम कोल का प्रोडक्शन है उसके आधार पर हर दिन हमारे पास एक महीना पहले 4,000 से 5,000 टन कोयला कम था । लेकिन यह शार्टफाल कम होते हुए इस महीने में अभी तक 2,500 टन कोयला कम है । यह शार्टेज हम लोगों ने कल एनर्जी मिनिस्ट्री के साथ मीटिंग में ली । कल फिर मीटिंग की है और उन्होंने भी मान लिया है कि दूसरे प्रकार का कोयला ठीक है लेकिन स्टीम कोल की अभी कमी है, और ढाई हजार टन शार्टफाल प्रति दिन रहा है जिसके कारण स्टीम ट्रैक्शन में दिक्कत हो रही है। जैसे ही कोल इंडिया की तरफ से रेस्टोर किया जायगा तो हम यह ट्रेन रेस्टोर कर देंगे, यह आश्वासन मैं दिलाना चाहता हूं ।

**श्री अनन्त राम जायसवाल** : जिस तरह से सवाल का जवाब आया उससे लगता है कि जनता की तकलीफों की रेलवे को परवाह नहीं है । तो मैं पूछना चाहता हूं, मैंने जो पूछा था कि निश्चित तारीख बतायें जिस दिन से गाड़ी रिज्यूम की जायगी ? आपकी बातचीत का क्या नतीजा निकला, और उसके आधार पर कोई निश्चित तारीख आप बता सकते हैं ?

**प्रो० मधु दण्डवते** : कल जो हमारी एनर्जी मिनिस्ट्री के साथ मीटिंग हुई उन्होंने कहा है कि पूरी कोशिश के साथ जनवरी के आखिर तक वह कोयला रेस्टोर कर पायेंगे, ऐसी आशा है । अगर जनवरी के आखिर तक स्टीम कोल रेस्टोर होगा तो इस ट्रेन को रेस्टोर करेंगे और नोर्थन रेलवे में 76 जोड़े गाड़ियों के हैं जो कोयले की कमी के कारण रद्द करने पड़े हैं । ऐनर्जी मिनिस्ट्री के आश्वासन के अनुसार अगर जनवरी के आखिर तक स्टीम कोल का कोटा पूरा हो जायेगा तो हम यह गाड़ियां रेस्टोर कर देंगे ।

**श्री रामेश्वर प्रसाद यादव** : अध्यक्ष जी, आज सारे देश के सभी अंचलों में कोयले की कमी के कारण रेलवे द्वारा बहुत सी गाड़ियां हर जोन में स्थगित कर दी गई हैं । कोल इंडिया और रेलवे दोनों ही पब्लिक अन्डरटेकिंग्स हैं । तो क्या मंत्री जी कोल इंडिया पब्लिक अन्डरटेकिंग्स में अपने मंत्रालय से या रेलवे बोर्ड के किसी उच्च अधिकारी को वहां बैठा कर के कोयले की कमी को दूर करने का कोई प्रबन्ध करेंगे ?

**प्रो० मधु दण्डवते** : मान्यवर, कोल माइन्स का नेशनेलाइजेशन किया है, लेकिन उसका रेलवेकरण करने का हमारा कोई इरादा नहीं है, यह मैं स्पष्ट करना चाहता हूं ।

SHRI YADVENDRA DUTT: The discontinuance of Delhi-Varanasi Express has affected four districts very badly. They are Barabanki, Faizabad, Jaunpur. There is another train Kashi-Vishwanath Express going via Rae Bareli and Pratapgarh. Will the Minister consider two propositions till the coal position is not satisfactory? Will he put diesel engine in this train from Lucknow onwards or will he divert Kashi-Vishwanath Express to serve these four districts which are having a lot of trouble because of the discontinuance of this train?

PROF. MADHU DANDAVATE: According to the present scheme of things, the trains that go from Delhi to Varanasi, as he rightly pointed out, are Kashi-Vishwanath Express which runs daily, the New Delhi-Howrah Delux (three times in a week via Varanasi, Upper India Express from New Delhi to Sealdah (Daily) and Jayanti-Janata twice in a week. Delhi-Varanasi Express for the time being has been cancelled. The hon. Member has asked whether for the time being dieselisation will be possible on the route on which the train service that has been got suspended?

Sir, I may say that this would be difficult because dieselisation is given on those routes where the freight traffic is varying. The hon. Member's question reminds me of a question that when famine-stricken people were told that they have no bread, the answer was given: "If you have no bread, you can eat cake". And therefore, at present it is not possible to have dieselisation, but I have assured Jaiswal Ji that by the end of January if the coal position improves, we will try to restore this train.

MR. SPEAKER: Question No. 406.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please sit down. Don't record.

SHRI RAM NARESH KUSHWAHA: ***

**Conversion of Jabalpur-Gondia Section into Broad Gauge**

\+

*406. SHRI NIRMAL CHANDRA JAIN:

SHRI SANTOSHRAO GODE:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) by what time preliminary engineering-cum-traffic survey report for conversion of the existing Narrow Gauge Railway Line into Broad Gauge of Jabalpur-Gondia Section will be completed;

(b) whether following criteria will be kept in view while considering the survey report:—

(i) meagre rail length per hundred K.M. in M.P.

(ii) backwardness of the State;

(iii) exploitation of mineral/forest resources in backward areas with heavy tribal concentration; and

(c) if not, what measures Government are going to adopt for development of rail line in backward areas of M.P. since prevalent norms would never technically justify the claim of backward and tribal areas of Madhya Pradesh?

THE MINISTER OF RAILWAYS (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) to (c). A Statement is laid on the Table of the House.

**Statement**

(a) The Preliminary Engineering-*cum*-Traffic Survey for conversion of Jabalpur to Gondia narrow gauge section into broad gauge has been completed and the report is expected to be finalised by end of the current month.

(b) Yes.

(c) Since the criteria of financial remunerativeness cannot be strictly applied on developmental lines in backward areas, it is proposed to review the entire approach towards such lines. Accordingly, a high level Committee—National Transport Policy Committee—has been appointed for formulating the transport policy for the country including the policy for construction of new lines. Further action will be taken after the report of this Committee becomes available.

श्री निर्मल चन्द्र जैन : अध्यक्ष महोदय, यह जो वक्तव्य यहां सभा पटल पर रखा गया है, कृपया उसे आप भी देखने की चेष्टा करेंगे।

Part (b) of my question is:

"Whether following criteria will be kept in view while considering the survey report:—

(i) meagre rail length per hundred K.M. in M.P.

(ii) backwardness of the State;

(iii) exploitation of mineral/forest resources in backward areas with heavy tribal concentration."

The answer is "Yes, this will be taken into consideration."

Then part (c) of my question is:

"If not, what measures Government are going to adopt for development of rail line in backward areas of M.P. since prevalent norms would never technically justify the claim of backward and tribal areas of Madhya Pradesh?"

MR. SPEAKER: He said that it will be taken into consideration.

SHRI NIRMAL CHANDRA JAIN: Have you seen answer to part (c)? He says: "Since the criteria of financial

***Not recorded.